# Ceramic Pot Filter: User Guide





1. Wash hands with soap properly before cleaning the filter.
2. Upon receipt of a new filter unit, the first three batches of filtered water should be used to clean the receptacle and tap and not for drinking.
3. The filter element, receptacle, lid, and tap should be cleaned once in a week.
4. Upon removing the filter element from the receptacle, it should be placed rim down on the inside surface of the lid, which is washed with filtered water.
5. The receptacle, tap, and lid should be cleaned when the filter element is cleaned. They should be cleaned with a clean sponge or cloth and soap or bleach, and then rinsed with potable (boiled, filtered or chlorinated) water. Clay filter is coated with silver; it should not be cleaned unless needed (reduced filtration rate). It not be cleaned with soap, bleach or chlorinated water.
6. Only the filter should be cleaned by rubbing soft nylon brush gently and rinsed with boiled, or filtered non-chlorinated water
7. The outside of the ceramic filter element should not be touched with dirty hands or any other dirty thing during cleaning.
8. Soap, bleach, chlorine, or other cleaning agents should never be used on the ceramic filter element

# सिरेमिक पॉट फ़िल्टर: उपयोगकर्ता गाइड




1. फिल्टर को साफ करने से पहले हाथ अच्छी प्रकार साबुन से धोएं।
2. एक नए फिल्टर यूनिट की प्राप्ति पर, पहले तीन बार फ़िल्टर किए गए पानी का उपयोग भंडारण और नल को साफ करने के लिए किया जाना चाहिए पिने के लिए नहीं।
3. फिल्टर, भंडारण, ढक्कन और नल को सप्ताह में एक बार साफ किया जाना चाहिए।
4. फ़िल्टर को भंडारण से निकालने पर, इसे फ़िल्टर किये पानी से धुले हुए ढक्कन के अंदर की सतह पर ही रखा जाना चाहिए।
5. फिल्टर को साफ करने के साथ भंडारण, नल और ढक्कन को भी साफ किया जाना चाहिए, और जब तक जरूरत न हो (पानी फ़िल्टर होने में अधिक समय लगे) तब तक साफ़ ना करें। उन्हें एक साफ स्पंज या कपड़े के साथ साफ किया जाना चाहिए, और फिर पीने योग्य (उबला हुआ, फ़िल्टर्ड या क्लोरीनयुक्त) पानी से धोया जाना चाहिए। मिट्टी के फ़िल्टर चांदी के साथ लेपित होते हैं अत: उन्हें साबुन, ब्लीच या क्लोरीनयुक्त पानी से साफ नहीं किया जाना चाहिए। प्लास्टिक या स्टील के भंडारण को साबुन के पानी से साफ़ करना चाहिए।
6. केवल फिल्टर की सफाई जरुरत पड़ने पर मुलायम नाईलोन ब्रश से की जानी चाहिए और इसे पीने योग्य, उबला हुआ या फ़िल्टर किए गए गैर-क्लोरीनयुक्त पानी से धोना चाहिए।
7. सफाई के दौरान सिरेमिक फिल्टर की बाहरी सतह को गंदे हाथ या किसी गन्दी वस्तु से नही छूना चाहिए।
8. साबुन, ब्लीच, क्लोरीन, या अन्य सफाई के साधन का उपयोग सिरेमिक फिल्टर पर कभी नहीं किया जाना चाहिए।

# अपने फ़िल्टर का उपयोग कैसे करें?




1. अपने हाथ साबुन से धोएं। प्लास्टिक के भंडारण को नल से संलग्न करें। एक चौथाई भाग को पानी से भर दें और दो चम्मच क्लोरीन ब्लीच डालें। प्लास्टिक भंडारण को कीटाणुरहित करने के लिए इसे तीस मिनट के लिए छोड़ दो। इस पानी का उपयोग प्लास्टिक के भंडारण और ढक्कन को ब्रश या कपड़े से धोने के लिए करें। पानी को कीटाणुरहित करने के लिए पानी को नल द्वारा बाहर निकालें। यदि आपके पास ब्लीच नहीं है, तो ऊपर बताए अनुसार साबुन और पानी से भंडारण और ढक्कन को धो लें। आप खंगालने के लिए फ़िल्टर्ड पानी या उबले हुए पानी का उपयोग कर सकते हैं।



2. प्लास्टिक के भंडारण को उस स्थान पर रखें जो स्थिर है और गतिविधि के रास्ते से बाहर है। फिल्टर के किनारे पर दोनों हाथों का उपयोग करते हुए, इसे भंडारण के मुंह पर रखें।



3. नए फिल्टर की मिट्टी के स्वाद से छुटकारा पाने के लिए, इसे पानी से भरें और पानी को नल के माध्यम से बहाएं। यह तब तक दोहराएं जब तक कि मिट्टी का स्वाद न चला जाए।



4. यदि आपका पानी गन्दला है, तो इसे एक साफ कपड़े के टुकड़े के माध्यम से छान लें। प्लास्टिक भंडारण के बाहर चारों ओर की जगह पर कपड़ा बाँध लें।



5. अपने फ़िल्टर को हर समय भर कर रखें। यदि इसे भरा हुआ रखा जाए तो फ़िल्टर अधिक तेज़ी से बहेगा।

Picture courtesy: -2 Operation and Maintenance Instructions, Nicaragua

## अपने फ़िल्टर को कैसे साफ़ करें?



जब प्रवाह दर घट जाती है तो यह एक संकेत है कि मिट्टी के फिल्टर के छिद्र बंद हो गए हैं।

धोने के लिए:

- मिट्टी के फिल्टर को तब न उठाएं जब यह पानी से भरा हो। मिट्टी के फिल्टर के खाली होने तक प्रतीक्षा करें जब तक प्लास्टिक का भंडारण फ़िल्टर किए हुआ पानी से ना भर जाए।
- अपने हाथ साबुन से धोएं।
- प्लास्टिक के भंडारण से मिट्टी के फिल्टर को हटा दें और इसे एक प्लेट या फ़िल्टर के ढक्कन पर रखें जिसे फ़िल्टर हुए पानी से धोया गया हो।



- फ़िल्टर किए गए पानी को फ़िल्टर में वापस डालें।
- किसी भी मलबे या कणों को हटाने के लिए अंदर और बाहर कपड़े धोने के ब्रश के साथ फ़िल्टर को साफ़ करें।
- घबराए नहीं, अगर मिट्टी में से कुछ निकलता है। इसका मतलब है कि आप अच्छी तरह से स्क्रब कर रहे हैं।
- फ़िल्टर किए गए पानी से खंगालें।

**सावधान! फिल्टर को धोने के लिए क्लोरीनयुक्त पानी या साबुन का उपयोग न करें।**



हर महीने क्लोरीन युक्त पानी के साथ या साबुन के साथ प्लास्टिक के भंडारण को साफ़ करें। सफाई की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद फ़िल्टर को प्लास्टिक के भंडारण को यथावत रख दें।

**ध्यान दें: फ़िल्टर आम तौर पर एक साल या डेढ़ या उससे अधिक समय तक काम करता है। यदि आपको समस्या है तो संगठन से संपर्क करें।**

Picture courtesy: -2 Operation and Maintenance Instructions, Nicaragua